कार्यालय आयुक्त ग्रामीण विकास
निदेशालय उत्तर प्रदेश

प्रेषक,

[illegible] चन्द्र बागपई,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन ।

सेवा में,

1- प्रमुख सचिव,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 शासन ।

2- प्रमुख सचिव,
लघु सिंचाई एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग,
उ0प्र0 शासन ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-4 लखनऊ::दिनांक:: 09 जून, 2004

विषय- प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत कार्यरत जनपदीय पी0आई0यू0 के नियत्रण के संबंध में ।

महोदय,

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यान्वयन हेतु गठित उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण की साधारण सभा की दिनांक 30-12-03 को सम्पन्न प्रथम अधिवेशन का संदर्भ करे, जिसमें योजनान्तर्गत जनपदीय पी0आई0यू0 के नियंत्रण के संबंध में निर्णय लिया गया है कि पी0आई0यू0 के अधिकारी व कर्मचारी अपने मूल विभाग में ही तैनात रहकर ग्रामीण सड़क के निर्माण का कार्य करते रहेंगे । जैसा कि वर्तमान में प्रकिया विद्यमान है । एक बार जब यह अधिकारी/कर्मचारी पी0आई0यू0 में तैनात कर दिये जाये, तो इनका स्थानान्तरण अभिकरण की सहमति से ही किया जायेगा, अर्थात लोक निर्माण विभाग या ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग के अधिकारी, जो पी0आई0यू0 में तैनात है, उनका भविष्य में स्थानान्तरण अभिकरण की सहमति से किया जायेगा । साथ ही किन्ही कारणों से यदि अभिकरण द्वारा किसी अधिकारी/ कर्मचारी को पी0आई0यू0 से बाहर स्थानान्तरित करने की संस्तुति की जाय, तो वह संस्तुति संबंधित विभाग को अनिवार्यतः स्वीकार होगी । इसके अतिरिक्त इनमें तैनात अधिशासी अभियन्ता स्तर के अधिकारियों की वार्षिक प्रविष्टि देने का अधिकार मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण में निहित होगा ।

2- उक्त के क्रम में लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग की विभागीय सहमति / अभिमत ग्राम्य विकास अनुभाग-4 की पत्रावली संख्या-3पीएमजीवाई/04 में प्राप्त हुई है ।

C:\MISHRA\GO13.DOC

इस संबध में अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्न
प्रकरण पर उक्त संदर्भित ग्राम्य विकास विभाग की पत्रावली में दिये गये अभिमत/ सहमति
अनुसार कार्यकारी निर्देश निर्गत करते हुए, उसकी प्रति ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शा
तथा आयुक्त, ग्राम्य विकास एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क वि
अभिकरण, लखनऊ को पृष्ठांकित करने का कष्ट करें । उल्लेखनीय है कि उक्त सूचना
मान्य सहकार को अवगत कराया जाता है । अतः इसमें प्राथमिकता अपेक्षित है ।

भवदीय,

(नवीन चन्द्र बाजपेई)
प्रमुख सचिव ।

संख्या- 1084 (1)/38-4-04-तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि आयुक्त, ग्राम्य विकास एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ
ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

आज्ञा से,

(ए0के0 चतुर्वेदी)
विशेष सचिव ।